५६ सुनत शब्द घनघोर शरभ तिहिं परबत माहीं।
कुपित होइँगे अधिक तोहि सहि सकिहैं नाहीं॥
कूद कूद करि दर्प वृथा अपनो तन तोरें।
तो अलंघ्य को चहें लाँघि ऊपर की ओरें।
बरसाइ घने करका तिन्हें दीजो बिहँसि भजाइ घन।
को न जगत लज्जित भयो जिन कीनो निष्फल यतन॥

५७ शिला एक बिच लषत चिन्ह तहँ पद शशिशेखर।
नितप्रति पूजत रहत जाहि जोगी सिद्धेश्वर।
परिक्रमा घन तासु यथाबिधि तू चलि दीजो।
भक्तिभाव उर लाय नम्र आगे बनि लीजो।
धरि अचल दीठि तिहिं चरन में श्रद्धमान निष्पाप नर।
तन तजत मिलत शिवगणन में सदाँ सदाँ को पाइ वर॥

५८ बाँसरन्ध्र भरि करत पवन धुनि अधिक सुहावन।
मानहु मुरली बजति मधुर सुर सों मनभावन।

---

५६ तेरा गरजना सुन कर शरभों को बड़ा कोप होगा (ये आठ पाँव के पशु बड़े बलवान् होते हैं) अपने बल का इन्हें बड़ा घमंड है, तुझे उलाँघने के लिए ऊपर को कूद कूद अपने हाथ पांव तोड़ेंगे, तू ओलों की वरषा से हँसी सी करके उन्हें भगा दीजो। निष्फल यत्न करने से जगत् में किसकी हँसी नहीं हुई॥

५७ उसी पहाड़ में महादेव जी की चरनशिला है जिसे योगी नित्य पूजते हैं। तू भक्तिपूर्वक नम्र होकर उसकी प्रदक्षिणा कीजो। उसमें श्रद्धामान् शुद्ध पुरुष ध्यान देकर मरने से पीछे शिव जी के गणों में सदा सदा को गिनती पाते हैं॥

५८ वन के पुराने बाँसों में जो छेद हैं उनमें भर के पवन मधुर मुरली की सी धुनि करेगी। किन्नरी अच्छे सुर से शिव जी के गीत गावेंगी। ऐसे में जो तू भी

यत्र स्त्रीणां प्रियतमभुजोच्छ्वासितालिङ्गितानाम्
अङ्गग्लानिं सुरतजनितां तन्तुजालावलम्बाः ॥
त्वत्संरोधापगमविशदैः प्रेरिताश्चन्द्रपादै-
र्व्यालुम्पन्ति स्फुटजललवस्यन्दिनश्चन्द्रकान्ताः ॥७२॥

मत्वा देवं धनपतिसखं यत्र साक्षाद्वसन्तं
प्रायश्चापं न वहति भयान्मन्मथः षट्पदज्यम् ॥
सभ्रूभङ्गप्रहितनयनैः कामिलक्ष्येष्वमोघै-
स्तस्यारम्भश्चतुलवनिताविभ्रमैरेव सिद्धः ॥७३॥

---

७२ व्यालुम्पन्ति = दूरीकुर्वन्ति ॥
चन्द्रकान्ता = मणिविशेषः ॥

७३ देवं = शिवम् ।
मन्मथचापोऽपि क्वचिदपि वितथीस्यात् न तु अलकाङ्गनानां विभ्रमाः ॥

७२ लटकें वहाँ सूत के जाल धरीं मणि इन्दुप्रिया छवि पावती हैं ।
सित निर्घन चन्दमरीचिन कों अपने तन खेंचि मिलावती हैं ।
फिर उज्ज्वल नीरन की बुँदियाँ हरवें हरवें बरसावती हैं ।
गलबाहीं पिया तें छुटी ललना तिनकी रतिग्लानि मिटावती हैं ॥

घनाक्षरी

७३ मीत किन्नरेश रहें नित्त ही महेश यहाँ
जानि यों रतेश चित्त शंका बिसरावे ना ।
ताही डर बार बार अलकापुरी के माहिँ
भृङ्ग की प्रतिञ्चा खैंचि चाप पै चढ़ावे ना ।
नागरि तियान नैन विभ्रम प्रताप पाय
कारज में वाके तऊ हानि होन पावे ना ।
छूटत कटाक्ष बाँकी भौंह की कमानन तें
कामीरूप बेझो बिना-बेध्यो रहि जावे ना ॥

---

७२ उन महलों में चन्द्रकान्तमणि सूत की जालियों में लटकती हैं और निर्मेघ चन्द्रमा की उज्ज्वल किरणों को खैंच कर जल टपकाती हैं जिनकी शीतलता से स्त्रियों की सुरत-ग्लानि मिटती है ॥

७३ कामदेव जानता है कि कुवेर के सखा महादेव जी साक्षात् अलका में रहते हैं इसलिए उनके डर से वह अपना भौंरों की प्रतिंचावाला धनुष बहुधा उस पुरी में नहीं उठाता फिर भी जो काम उसके धनुष से होता है सो वहां की स्त्रियों के कटाक्षों से होता है क्योंकि उनके नैनबाणों से कोई कामी बच नहीं सकता (कहते हैं कि कामदेव का धनुष फूलों का, बाण कलियों के प्रतिंचा भौंरों की है) ॥

९६ ता छिन यदि सोवति मिले सुखनिद्रा वह बाल ।
मौन गहे बैठ्यो तहाँ तू रहियो कछु काल ॥
मेरे गलबाहीं दिये मति सपने में होइ ।
गरज सुनत तेरी जलद सो सुख देइ न खोइ ॥
९७ फिर जल शीतल पवन करि दीजो वाहि जगाय ।
मृदुल मालती कलिन सँग प्रफुलित-चित ह्वैजाय ॥
चमकत बारी माँहि तुहि लखिहै दीठि उठाय ।
तब तू बातें मन्दधुनि यों कहियो समुझाय ॥

शिखरिणी

९८ 'सखा तेरे पी को जलद प्रिय मैं हूँ पतिवती ।
'सँदेसा लै वाको तव निकट आयो सुनि सखी
'चले मेरी मन्दी धुनि सुनि बिदेसी तुरत ही ।
'करें बाञ्छा खोलें पहुँचि घर बेनी तियन की ॥

---

९६ यदि वह सोती मिले तो तू थोड़ी बेर चुपचाप बैठा रहियो, कहीं ऐसा न हो कि वह तेरे गरजने से जग पड़े और सपने में जो मुझसे मिलाप हुआ हो उसका सुख खो दे ॥

९७ फिर प्रातःकाल जब तू ठंढी पवन चलाकर चमेली की कलियों को खिलावे उसे भी जगा कर प्रफुल्लित-चित्त कीजियो, तुझे बिजली सहित खिड़की में बैठा देख कर वह निश्चल नेत्रों से तेरी ओर निहारेगी तब तू उससे मन्दी ध्वनि गरज कर यों कहियो ॥

९८ 'हे सौभाग्यवती मैं तेरे पति का मित्र बादल हूँ । उसका सँदेसा तेरे पास लाया हूँ । मेरी गरज में यह गुण है कि परदेसियों को तुरन्त अपने अपने घर जाने का चाव दिलाती है और उनके मन में चाह उठाती है कि घर पहुँच कर अपनी अपनी स्त्री की बेनी खोलें ॥

११२ "पाय पते इतने मृगलोचनि जानिलै जीवत है पति तेरो।
"लोग लुगाइन की चरचा सुनि तू विश्वास तजे मति मेरो।
"नेह की रीति बड़ेन कही कुम्हलात कछू जब मीत न नेरो।
"भोग बिना अभिलाष बढ़ावत चिह्न लखें बढ़ि जात घनेरो" ॥

दोहा

११३ बन्धु काज मम तैं इतो स्वीकृत कियो कि नाँहि।
नटन शंक तव मौन तें नैक न मो मन माँहि ॥
तू बिन बोलेहू बरसि मेटत चातक प्यास।
सज्जन जन उत्तर यही पुजवत याचक आस ॥

चौपाई

११४ दै धीरज मेरी पतिनी कों। प्रथम बिरह-व्याकुल सजनी कों ॥
चलियो तुरत जलद वा गिरि तें। खोदी त्र्यम्बक वृषभ शिखिरि तें ॥
लाइ प्रिया की कछुक निसानी। अरु वा मुख की कुशल कहानी ॥
मेरेहु प्रान राखियो ताता। भये मलिन जिमि कुन्द प्रभाता ॥

---

११२ "हे प्यारी इन पत्तों से तू निश्चय रख कि मैं जीता हूँ और जो पार "पड़ोसी चरचा करें कि जीता होता तो अब तक आ जाता अथवा कुछ "सँदेसा भेजता तो उनकी बात पर तू विश्वास मत कीजो। नेह का स्वभाव "है कि वियोग में कुछ मलिन हो जाता है परन्तु फिर भी चाव को बढ़ाता "है और प्यारे का पता पाकर बहुत बढ़ जाता है" ॥

११३ हे मेघ मेरे सँदेसे का पहुँचाना तैंने स्वीकार किया हो वा न किया हो, तेरे चुप रहने का कारण मैं यह नहीं समझता हूँ कि मेरी प्रार्थना तैंने अङ्गीकार नहीं की, क्योंकि तू तो बिना गरजे भी चातकों की प्यास बुझाता है और सज्जन पुरुष उत्तर दिये बिना ही याचकों की आसा पूरी कर देते हैं ॥

११४ मेरी स्त्री को जो पहले ही बिरह की विथा में फँसी है मेरे सँदेसे से ढाढ़स देकर और कैलाश पर्वत से जिसकी शिखर को शिव जी का नांदिया अपने सींगों से खोदा करता है, उतर कर तू मेरे पास आना और उसकी कुछ निशानी लाना। जैसे मेरा सँदेसा पहुँचा कर उसके प्राण बचावेगा उसकी कुशल सुनाकर मेरे भी कुम्हलाते हुए प्राण बचा लीजो ॥

